# कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)

फा.क. 301/2024

रिस्टम टेंडर नं. 162766

कोरबा दिनांक 11.12.2024

## ई–निविदा आमंत्रण सूचना

कार्यालय नगर पालिक निगम, कोरबा द्वारा लोक निर्माण विभाग, एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग, रायपुर द्वारा भवन कार्य हेतु दिनांक 01.01.2015, विद्युत कार्य हेतु दिनांक 01.06.2020 से प्रभावशील दर अनुसूची पर (निविदा खुलने के दिनाक तक समस्त सशोधनों के साथ शेड्यूल अनुसार प्रतिशत दर पर ई–प्रोक्युरमेंट (E-Tendering) के माध्यम से निविदा प्रपत्र Form-A मे निविदा आमंत्रित की जाती है:–

1. फिजिकल सबमिशन लिफाफा प्राप्त होने की अंतिम तिथि — 03.01.2025 सायंकाल से 3.00 बजे तक
2. निविदा खुलने की अंतिम तिथि — 03.01.2025 सायंकाल 4.00 बजे से

| क. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि (लाख मे) | धरोहर राशि (FDR/TDR) | कार्यावधि | निविदा प्रतिभागी शुल्क (डिमांड ड्राफ्ट) | ठेकेदार का वर्ग | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिक निगम परिवहन नगर जोन अंतर्गत नाली, सडक एव भवन एवं भवन में विद्युतीकरण कार्य हेतु वार्षिक दर निर्धारण (मरम्मत एव संधारण मद) | 50.00 | 37500/- | 12 माह | 3000/- | वर्ग डी एवं प्रवर श्रेणी | 03.01.2025 से ...... |

शर्ते:–

1. निविदा दरे प्रचलित सी.एस.आर.से कम या अधिक प्रतिशत दरों पर दिया जावे सी.एस.आर.के अंतर्गत के आयटमों पर पृथक से आयटम दरो का उल्लेख करने पर निविदा निरस्त मानी जावेगी
2. जिन ठेकेदारो द्वारा नगर पालिक निगम (साडा) के किसी ठेके के कार्य में अनुबंध के अनुरूप कार्य न किया गया हो अथवा नगर पालिक निगम (साडा) के हित के विरूद्ध कार्य किया गया हो उन्हे निविदा भरने की पात्रता नही होगी।
3. इच्छुक ठेकेदारो को उचित वर्ग मे पंजीयन की प्रमाणित प्रतिलिपि यदि साझेदारी फर्म हो तो उसका प्रमाण पत्र (पार्टनरशीप डीड) की सत्य प्रतिलिपि, उपलब्ध तकनीकी अमले की जानकारी, विगत 3 वर्षो का आयकर चुकता प्रमाण पत्र,पेन नम्बर, जी.एस.टी. पंजीयन प्रमाण पत्र एव अमानत राशि के FDR/TDR की प्रति ऑनलाइंन अपलोड करना अनिवार्य होगा, प्रशिक्षित यत्री नियुक्त करने संबंधी प्रमाण पत्र, कर्मचारी भविष्य निधि रायपुर से पंजीकरण का कोड, निविदा प्रतिभागी शुल्क का डिमाण्ड ड्राफ्ट एवं धरोहर राशि FDR/TDR, शपथपत्र का स्केन कापी ऑन लाईन सिस्टम पर अपलोड करना अनिवार्य होगा ।
   - अमानत राशि का वैध **FDR/TDR**, निविदा प्रतिभागी शुल्क का डिमांड ड्राफ्ट एवं निर्धारित प्रारूप में शपथ पत्र की मूल प्रति लिफाफा मे कार्य का नाम एवं अन्य विवरण अंकित कर केवल स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से आयुक्त,नगर पालिक निगम,कोरबा साकेत भवन, आई.टी.आई.चौक रामपुर कोसाबाड़ी पिन– 495677 कोरबा के पते पर भेजना होगा। निर्धारित तिथि को सायं 03:00 बजे के पश्चात् फिजिकल सबमिशन लिफाफा स्वीकार नहीं किया जायेगा।
   - निविदाकार को प्रत्येक निविदा मे पंजीयन क्षमता के अंतर्गत वर्तमान में नगर निगम या अन्य विभागों में उनके द्वारा किये जा रहे कार्यो का विवरण राशि सहित मूलप्रति में निर्धारित प्रारूप में वैध शपथपत्र (राशि रू. 100/– नॉनज्यूडिशियल स्टाम्प) निविदा आमत्रण दिनाक के पश्चात का, निविदा कमांक एवं कार्य का नाम अंकित करना अनिवार्य होगा।
   - अमानत राशि का **FDR/TDR** एवं निविदा प्रतिभागी शुल्क का डिमांड ड्राफ्ट जो कि आयुक्त, नगर पालिक निगम,कोरबा के नाम पर देय हो प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
4. सम्पूर्ण किये गये कार्यो के लिए प्रत्येक चल देयकों में से 5 प्रतिशत सुरक्षा राशि 01 वर्ष के लिए एवं मरम्मत एवं संधारण मद को छोड़कर शेष कार्यो मे 5 प्रतिशत परफार्मेंस सिक्यूरिटी की गारंटी के रूप में से 03 वर्ष के लिए रोकी जावेगी। सुरक्षा राशि एवं परफारमेंस गारंटी राशि वापसी हेतु समयावधि की गणना कार्य पूर्णता तिथि से किया जायेगा। उक्त समयावधि में निर्माण कार्य की भौतिक स्थिति सही होने तथा सक्षम प्राधिकारी के संतुष्टि के आधार पर भुगतान किया जायेगा।
5. जिन निविदाकारो द्वारा कर्मचारी भविष्य निधि संगठन एवं कर्मचारी राज्य बीमा निगम, रायपुर से पजीयन कराकर कोड प्राप्त कर लिया हो वे निविदाकार ही निविदा हेतु पात्र होंगे।
6. निविदा मे भाग लेने वाले ठेकेदारो को छ.ग. भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन एवं सेवा शर्तो का विनियमन) अधिनियम 1996 एव तद्अतर्गत निर्धारित नियमों के तहत् पंजीयन कराना आवश्यक होगा तथा निर्माण लागत का 1 प्रतिशत उपकर के रूप मे प्रत्येक देयक से कटौती की जावेगी।
7. ईंट से संबधित निर्माण कार्यो मे फ्लाई एश ब्रिक का उपयोग किया जाना अनिवार्य होगा।
8. प्रयुक्त लोहा का बिल एवं टेस्ट रिपोर्ट तथा प्रयुक्त सीमेंट का बिल संलग्न करना अनिवार्य होगा।
9. निविदा दरो असामान्य कमी प्रतीत होने पर सफल निविदा दाता से अनुबंध के पूर्व एस.ओ.आर. एवं निविदा दर की अंतर की राशि के समतुल्य परफारमेंस गारंटी के रूप में राष्ट्रीयकृत बैंक एफ.डी.आर., पोस्ट ऑफिस, टाईम डिपॉजिट अथवा एन.एस.सी. जो कि आयुक्त नगर पालिक निगम, कोरबा के नाम पर देय होगा जो मांग तिथि से 15 दिवस के भीतर जमा करना अनिवार्य होगा। उपरोक्त राशि समयावधि मे जमा न करने की दशा मे निविदा स्वमेव निरस्त मानी जावेगी।
10. निविदा अहस्तांतरणीय होगा एव सशर्त निविदाओं पर विचार नही किया जावेगा।
11. निविदा प्रपत्र फार्म –ए की कंडिका 11 Price Adjustment (एस्कलेशन) देय नहीं होगा।
12. निविदा के संबंध में किसी प्रकार की विवाद होने की स्थिति मे आयुक्त का निर्णय अंतिम एव सर्वमान्य होगा।
13. निविदा स्वीकृत करने अथवा अस्वीकृत करने अथवा निरस्त करने का अधिकार नगर पालिक निगम के पास सुरक्षित रहेगा।
14. उपरोक्त निविदा सूचना की विस्तृत प्रति नगर पालिक निगम, कोरबा के साकेत भवन स्थित निर्माण शाखा से प्राप्त किये जा सकते है।
15. ठेकेदार द्वारा संपादित किए गए कार्यो के देयकों का भुगतान कार्य विशेष हेतु बजट आबंटन एवं राशि उपलब्ध होने पर किया जाएगा।
16. निविदा मे सफल निविदाकार को ऐसे कार्य जिसकी अनुबंध राशि 10.00 लाख या उससे अधिक है, उनको प्रत्येक कार्यो हेतु पृथक से छ.ग. भवन और सन्निर्माण कर्मचार मण्डल का पंजीयन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा देयक भुगतान किया जाना सभव नहीं होगा।
17. कार्य कियान्वयन से संबंधित गुणवत्ता परीक्षण संबंधी रिपोर्ट पर होने वाले व्यय का वहन संबंधित ठेकेदार द्वारा किया जावेगा।
18. ठेकेदार को निर्माण कार्य के दौरान "निर्माण एवं अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016" में किये गए प्रावधानों का पालन करना अनिवार्य होगा।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)

प्रतिलिपि–

प्रोग्रामर, संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, रायपुर को uad.cg.gov.in मे अपलोड करने हेतु प्रेषित।

## Date-Time Detail(s)

| Seq. No. | Nagar Nigam Stage | Contractor Stage | Start | | Expiry | | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Date | Time | Date | Time | |
| 1 | Release Tender | | 11.12.2024 | 17.00 | 11.12.2024 | 17.00 | Release Tender |
| 2 | | Bid Submission | 11.12.2024 | 17.00 | 02.01.2025 | 17.30 | |
| 3 | | Physical Document Submmission | 11.12.2024 | 17.00 | 03.01.2025 | 15.00 | |
| 4 | Tender Open | | 03.01.2025 | 16.00 | -- | -- | |

EXECUTIVE ENGINEER
KORBA (CG)
For, Commissioner Korba (C.G.)